समाचार

# सिटी ब्यूटीफिकेशन को मूर्तरूप देगा '' क्रिएटिव कार्नर '' , शहर के कोने–कोने में बिखरेगा सौदंर्य

## (नगर पालिक निगम कोरबा  व आर्टिस्ट ग्रुप  आफ कोरबा की संयुक्त पहल पर    '' क्रिएटिव कार्नर '' अभियान का हुआ आगाज)

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने उठाया ब्रश, की पेंटिंग, क्रिएटिव कार्नर की हुई शुरूआत)




कोरबा 09 दिसम्बर 2025 –ऊर्जाधानी कोरबा शहर के सौंदर्यीकरण को मूर्तरूप देने निगम द्वारा शुरू कराया गया        '' क्रिएटिव कार्नर '' अभियान अब सिटी ब्यूटीफिकेशन को मूर्तरूप देगा एवं शहर के कोने–कोने में सौंदर्य बिखरेगा। आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा के कलाकार नगर निगम के सहयोग से शहर के मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों, चौक–चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं उपेक्षित पड़े स्थानों पर ब्रश व रंगों के माध्यम से थीम आधारित पेंटिंग कर अपनी कला का जादू बिखरेगें तथा शहर को नया लुक देंगे। आज सुभाष चौक से कोसाबाड़ी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग की दीवाल पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने ब्रश उठाकर पेंटिंग की तथा '' क्रिएटिव कार्नर '' की शुरूआत हुई।

नगर पालिक निगम कोरबा व आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा की संयुक्त पहल '' क्रिएटिव कार्नर '' अभियान  प्रारंभ किया गया है, इसके तहत निगम द्वारा कोरबा के स्थानीय कलाकारों को

प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है, शहर के मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों, चौक–चौराहों सहित ऐसे स्थान जो बरसों से उपेक्षित पड़े हुए थे, इन स्थलों पर थीम आधारित चित्रकारी व पेंटिंग कर स्थलों को सजाया, संवारा जाएगा, जिससे शहर को एक नया लुक मिलेगा, सिटी ब्यूटीफिकेशन को दिशा मिलेगी, इससे एक ओर जहॉ शहर का सौंदर्य बढ़ेगा, वहीं पेंटिंग व चित्रों के माध्मय से आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्रदूषण से मुक्ति, शहर की स्वच्छता तथा इन सब में उनकी सहभागिता का संदेश व प्रेरणा मिलेगी। इस अभिनव योजना '' क्रिएटिव कार्नर '' की शुरूआत आज सुभाष चौक से कोसाबाड़ी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित दीवाल पर चित्रकारी व पेंटिंग के माध्यम से की गई। आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा के सदस्यों की उपस्थिति में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने ब्रश को थामा तथा वाल पर पेंटिंग कर अभियान की शुरूआत कराई।

**सबके सहयोग से कोरबा बनेगा नम्बर वन** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि निगम का हमेशा प्रयास रहा है कि हमारा कोरबा शहर स्वच्छ व सुंदर बने, आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा भी हमारे इस उद्देश्य में आज शामिल हो चुका है, ग्रुप के सदस्य कोरबा को सुंदर स्वरूप देने में अपना सहयोग दे रहे हैं। उन्होने कहा कि हमारा कोरबा स्वच्छता के क्षेत्र में देश में अभी 08 वें नम्बर पर हैं, किन्तु हम कोरबा के नागरिकबंधुओं के सहयोग से अपने शहर को देश में नम्बर 01 पर लाने में सफल होंगे, उन्होने कहा कि मुझे इस बात की अत्यंत प्रसन्नता है कि हमारे निगम आयुक्त अत्यंत ऊर्जावान है तथा शहर को साफ–सुंदर व व्यवस्थित रखने के लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं।

**क्रिएटिव कार्नर आर्टिस्टों का प्लेटफार्म** – इस अवसर पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि हमारे कोरबा के आर्टिस्ट अत्यंत क्षमतावान हैं, जरूरत थी कि उनकी क्षमता को सामने लाने हेतु उन्हें प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए, आर्टिस्ट ग्रुप के सदस्यों से मेरी चर्चा हुई, हमने साथ मिलकर सिटी ब्यूटीफिकेशन पर काम करने का निर्णय लिया, परिणाम स्वरूप '' क्रिएटिव कार्नर '' के रूप में कोरबा के स्थानीय कलाकारों को एक प्लेटफार्म मिला, आज इसकी शुरूआत हो चुकी है। निगम ग्रुप के सदस्यों को स्थल व सामग्री उपलब्ध कराएगा तथा ग्रुप के कलाकार सदस्य अपना निःशुल्क सहयोग देते हुए अपनी कला के माध्यम से शहर को एक नया लुक देंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि शहर का हर एक कोना, जो अभी उपेक्षित पड़ा है, उसे सुंदर स्वरूप दिया जाए, शहर के मुख्य मार्ग, संपर्क सड़कें व चौक–चौराहें नये लुक में नजर आएं।

**कोरबा को मिले इंदौर जैसा लुक – हमारा प्रयास** – इस मौके पर आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा की वरिष्ठ सदस्या मनीषा अग्रवाल व अंकिता सोनी ने कहा कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने हम आर्टिस्टों को काम करने हेतु व शहर की सुंदरता में अपनी सहयोगिता देने हेतु हमें जो प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है, उसके लिए हम उनको हृदय से धन्यवाद देते हैं, हम सबका यह प्रयास रहेगा कि हम नगर निगम के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अपने कोरबा शहर को इंदौर जैसा लुक देने में सफल हों।

इस अवसर पर जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, आर्टिस्ट ग्रुप के सदस्य मनीषा अग्रवाल, अंकित सोनी, साधना धर, सुमन कुमारी, कुमकुम गुलहरे, उर्वी साहू, महावीर अग्रवाल, पंकज सोनी, गौरीशंकर साहू, कैलाश कुमार, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, उप अभियंता सोमनाथ डेहरे, अश्वनी दास, धनमोहन रात्रे आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।